# कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चंवली परियोजना नहर खण्ड, झालावाड़

क्रमांकः— / निविदा 2026—27 / लेखा प्रथम / 2641-56 दिनांकः— 29/7/2026

## ई—निविदा सूचना संख्या 01 वर्ष 2026—27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस कार्यालय की ई—निविदा सूचना संख्या 01 वर्ष 2026—27 निम्नलिखित निर्माण कार्यो की ''**सिंगल कवर**'' मे जल संसाधन विभाग राजस्थान के उपर्युक्त श्रेणी मे पंजीकृत सवेदक एवं अन्य राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेंलवे इत्यादि में राजस्थान सरकार के नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत संवेदक निविदा में भाग ले सकेंगे। निम्न कार्यो हेतु ई—टेण्डरिंग के माध्यम से सिंगल कवर में निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा निर्धारित प्रपत्र में ई—टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित समय पर डाऊनलोड एवं अपलोड की जावेगी। निविदा की सम्पूर्ण प्रकिया आनलाईन रहेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाखों में) | धरोहर राशि | | निविदा शुल्क रू0 में. | कार्य पूर्ण करनें की अवधि वर्षाकाल सहित | यूबीएन नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2% | ½% | | | |
| 1 | Const. of MST near village garnawad tehsil pachpahar district jhalawar. **under MJSA 2.2** | 63.90 | 127800 | 31950 | 2000 | 4 माह | WRD2627WSO B00436 |
| 2 | Const. of MST near village parthigarh tehsil dug district jhalawar **under MJSA 2.2** | 54.85 | 109700 | 27425 | 2000 | 4 माह | WRD2627WSO B00437 |
| 3 | Oiling Greasing, supply & laying of earthfill cement bag, flood daily gauge reporting & security under chauli division jhalawar. | 4.92 | 9840 | 2460 | 1000 | 4 माह | WRD2627WSO B00438 |
| | **Total** | **123.67** | **247340** | **61835** | **5000** | | |

## Part-A

1. निविदा अपलोड करने के पूर्व विभाग की समस्त टमर्स एण्ड कण्डीशन्स का भंली भांति अवलोकन उपरान्त ही निविदा ऑनलाईन डाऊनलोड / अपलोड करें। किसी भी त्रृटि / दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड करने में चूक होती है तो उसके लिये निविदादाता स्वयं जिम्मेदार होगा।
2. RTPP अधिनियम 2012 एंव नियम 2013 के समस्त अधिनियम / नियम लागू होगें एवं सर्वमान्य मान्य रहेंगे।
3. ई—निविदा अपलोड करने से पूर्व 50 लाख से अधिक कार्यो के लिये प्रोसेसिंग फीस 1500 / — तथा 50 लाख से कम के कार्यो के लिये प्रोसेसिंग फीस 500 / —M.D RISL जयपुर के नाम बजट मद **8658—00—102—16—02** एवं टेण्डर फीस मय ड्राईग के लिये बजट मद **0075—00—800—52—01** मे जमा करानी है। अन्य विभागों में 'एए' श्रेणी के पंजीकृत संवेदकों से धरोहर राशि निविदा प्रपत्र में दर्शायी गयी कुल अनुमानित लागत की 2% तथा जल संसाधन विभाग में पंजीकृत संवेदकों से कुल अनुमानित लागत की 0.5 % जमा होगी।
4. निविदा प्रपत्रों हेतु डाऊनलोड एवं अपलोड करने की अवधि दिनांक 31.07.2026 प्रातः 9:30 बजे से दिनांक 12.08.2026 को सायं 06:00 बजे तक निर्धारित है।
5. सवेंदक अन्तिम दिनांक / समय की प्रतीक्षा न करते हुए अपनी निविदा व सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज निर्धारित समय पूर्व अपलोड करे। कोई भी कारण हो निविदा अपलोड करने के लिये अतिरिक्त समय एंव तर्क / समय छूट मान्य नही होगी।
6. प्राप्त निविदाओ की वित्तीय बिड दिनांक 13.08.2026 को समय साय 4.00 बजे से आनलाईन खोली जायेगी। किन्ही कारणवश सभी निविदाएं इस दिन नही खोली जा सकी तो सम्पूर्ण निविदा खुलने तक यह क्रम जारी रहेगा।
7. बिड मे योग्य / अयोग्य की सूचना, प्रि—बिड मे प्राप्त क्वेरीज का प्रत्युत्तर एंव वित्तीय बिड खोले जाने की सभी सूचना SPPP/eproc साईट पर समय—समय पर अपलोड की जावेगी। इसलिये इन साईटस पर लगातार पूरा ध्यान रखे अलग से कोई सूचना किसी भी निविदादाता को नही दी जावेगी।

ठेकेदार निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व कार्य स्थल, भौगोलिक परिस्थिति एवं निर्माण से संबंधित समस्त परिस्थितियों का संज्ञान निश्चित रूप से लेवें। कार्य करने हेतु कार्यस्थल उपलब्ध है।

9. निविदा वैब साईटस् https://eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 31.07.2026 प्रातः 9:30 बजे से दिनांक 12.08.2026 को सायं 06:00 बजे तक डाऊनलोड/देखी एवं अपलोड की जा सकती है।
10. निविदा खोलने की दिनांक से 90 दिवसो तक निविदा स्वीकृति हेतु मान्य (Valid) रहेगी। यदि निविदादाता इस अवधि में अपनी निविदा अथवा शर्तों में किसी प्रकार का संशोधन करता है या अपनी निविदा वापस लेता है तो धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। ऐसी स्थिति में डिबार की कार्यवाही अलग से की जावेगी।
11. संवेदक का नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम रक्त संबंधी व उनके पति/पत्नी) कार्य से संबंधित वृत अथवा अधीनस्थ कार्यालय में लेखाधिकारी/सहायक लेखाधिकारी/खण्डीय लेखाकार/सहायक अभियंता से लेकर अधीक्षण अभियंता स्तर पर किसी भी स्तर पर पदस्थापित हो तो उसके कार्य पर नियुक्त करने पर प्रतिबंध रहेगा।
12. राज्य सरकार मे किसी भी अभियांत्रिकी विभाग में किसी भी इंजिनीयर अथवा इंजिनीयरिंग या प्रशासनिक कार्य पर नियुक्त राजपत्रित अधिकारी राज्य सरकार की अनुमति के बिना सेवानिवृति के 2 वर्ष तक संवेदक अथवा उसके कर्मचारी के रूप में कार्य नहीं कर सकेगें यदि संवदेक व उसके कर्मचारियों में कोई ऐसा व्यक्ति जिसने राज्य सरकार की उक्त लिखित अनुमति निविदा जमा कराने से पहले अथवा संवेदक के यहां सेवाएं लेने से पहले अनुमति नहीं ली है तो अनुबंध रद्द किया जा सकेगा।
13. किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को स्वीकार करने एंव बिना बताए उन्हे निरस्त करने के समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है।
14. कार्य पूर्ण करने की अवधि में सम्पूर्ण वर्षाकाल सम्मिलित है।
15. कार्य का दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटी पिरीयड) का उत्तरदायित्व नियमानुसार रहेगा।
16. इस कार्य की निविदा में आर्बिट्रेशन एक्ट/नियम लागू नही होगें। यदि विभाग एवॅ संवेदक के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसका निपटारा वाणिज्यिक कोर्ट/सिविल कोर्ट के निर्णयाधीन मान्य होगा। निपटारा विभागीय दिशा निर्देशो के अनुरूप किया जावेगा।
17. अनुबन्ध के समय परफोरमैन्स सिक्योरिटी के एवज में बी.जी./एफ.डी.आर/ई—ग्रास चालान/बैंक ड्राफ्ट/चैक/अथवा रंनिंग/अन्तिम बिल से कटाने का एक बार दिया गया विकल्प अन्तिम/अपरिवर्तनीय होगा। किसी भी हालत में कभी भी नही बदला जावेगा।
18. संवेदक को अपनी फर्म का नवीनतम रजिस्ट्रेशन बिड के साथ लगाना अनिवार्य है, सवेदक का रजिस्ट्रेशन किसी भी स्थिति मे 4 वर्ष से पुराना नही होना चाहिये। स्थाई पंजीकरण का पुनरावलोकन नही कराया है तो ऐसे निविदादाता को निविदा मे Non Resonsive माना जायेगा।
19. निविदा में प्रथम अपील अधिकारी श्रीमान अधीक्षण अभियन्ता जल संसाधन वृत झालावाड एवं द्वितीय अपील अधिकारी श्रीमान् अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता जल संसाधन संभाग झालावाड होंगें।
20. Unbalance bid प्रस्तुत करने पर as per Finance (G&T) Department GOR Gazatte Notification 22.10. 2021 "the condition for additional performance security will be deposited by tenderer अनुसार प्रस्तुत की जानी है।
21. वित्त विभाग राजस्थान जयपुर के परिपत्र दिनांक 27.04.2020 एंव मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग राजस्थान जयपुर के आदेश कमांक 2158—67 दिंनाक 29.04.2020 अनुसार निविदा शुल्क, बिड सिक्यूरिटी राशि एवं प्रोसेसिंग फीस ( RISL) अधिशाषी अभियंता चवली परियोजना नहर खण्ड झालावाड (कोड 785) के नाम निम्न सारणी अनुसार मद मे e-grass Single Challan के माध्यम से अथवा Bid Security can be deposited as per provision of rule 42(6) of RTPP ruled 2013. Bid Security in form of e-Grass/ DD/BC/Bank Guarantee बीमा जमानत बांड issued by insurer with IRDA in the specified format from a nationalized or scheduled bank in India in favour of **Executive Engineer Chauli Project Canal Division Jhalawar (Office Code 785)** to be uploaded electronically (Scanned copy to be uploaded with Bid) to the procuring entity on the e-procurment portal with the Bid. **जमा करायी जानी आवश्यक है।**
22. If Bid Security deposited in form of Bank Guarantee then, Tender Cost & RISL, Processing fee shall be deposited through e-Grass Challan only.

| Office Name | **Executive Engineer Chauli Project Canal Division Jhalawar** | |
|---|---|---|
| Tender cost | 0075-00-800-52-01 | निविदा के अनुसार |

| | | |
|---|---|---|
| Bid Security | 8443-00-108-00-00 | निविदा के अनुसार |
| MD RISL Fees | 8658-00-102-16-02 | निविदा के अनुसार |

23. समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा जारी हुये/होने वाले समस्त आदेशों/नोटिफिकेशन/एक्ट (वित्त, जीएण्डटी अथवा जल संसाधन विभाग आदि) आदि लागू होगें एवँ मान्य होंगें।
24. Contractor shall submit unconditional tenders only, Conditional tenders will be rejected. निविदादाता, निविदा मे भाग लेने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लेवे कि उसके द्वारा निविदा मे वर्णित सभी शर्तो एंव नियमो का भलि भांति अध्ययन कर लिया गया है एंव सभी शर्ते मान्य है। निविदा खुलने के उपरान्त निविदादाता द्वारा उक्त शर्तो के विपरित न्यायालय मे कोई अपील दायर की जाती है तो उस निविदा को कन्डीशनल मानते हुये निविदा को निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी।
25. मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो पर श्रीमान जिला कलक्टर महोदय जिला झालावाड के पत्रांक एफ–1( )/एमजेएसए 2.2/2026–27/1373–85 दिनांक 02.06.2026 द्वारा दिये गये सभी दिशा निर्देश लागू होगे।
26. संवेदक को वित्त विभाग के पत्रांक प 3 (2) वित्त/साविलेनि/2020 जयपुर दिनांक 03.04.2025 अनुसार फर्म का नवीनतम/रजिस्ट्रेशन के नवीनतम पुनरावलोकन की प्रति बिड के साथ लगाया जाना अनिवार्य है, स्थाई पंजिकरण का पुनरावलोकन नियमानुसार समय से अधिक का पाया जाता है तो निविदा दाता को निविदा में Non-Responsive माना जायेगा।

**Part-B**

**ई–टेण्डरिंग के लिये निविदादाता हेतु निर्देश –**

1. इन निविदाओ में दिलचस्पी लेने वाले निविदादाता प्रपत्रों को ईन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, से डाउनलोड/अपलोड कर सकते हैं।
2. निविदा की समस्त प्रक्रिया ऑनलाईन होगी व निर्धारित दिनांक/समय तक ही अपलोड की जा सकती है, टेण्डर के सभी आवश्यक प्रपत्रों/सूचियों को सम्पूर्ण रूप से भरकर ही अपलोड किया जावें।
3. इलेक्ट्रोनिक माध्यम से जमा कराने में किसी कारण से विलम्ब हो जाता है तो उसका विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।
4. निविदाओं में भाग लेने वाले निविदादाताओ के इन्टरनेट साईट www. eproc.rajasthan.gov.in पर इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के तहत पंजीयन करना होगा, जो इलेक्ट्रोनिक निविदा में साईन करने हेतु काम आयेगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट (डी.एस.सी.) किसी स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है।
5. निविदादाताओं को निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फोर्मेट में उपरोक्त वेबसाईट पर डिजिटल साईन के साथ प्रस्तुत करना होगा। जिसके प्रस्ताव डिजिटल साईन के साथ नहीं होगे, उनके प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएगें कोई भी प्रस्ताव भौतिक फार्म में स्वीकार्य नहीं होगा।
6. इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्रों को जमा कराने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवे कि निविदा प्रपत्रों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्रो के साथ अटेच कर दी गयी है, किन्ही कारणों से संवेदक अपने महत्पूर्ण एवँ वांछित दस्तावेज eproc पर अपलोड करने में असफल रहता हैं तो उसके लिये स्वयं संवेदक जिम्मेदार है। दस्तावेज अपूर्ण होने की वजह से संवेदक की बिड स्वीकार नही की जावेगी।
7. सभी विवादों के सम्बन्ध में न्यायिक क्षेत्र झालावाड रहेगा।

(चन्द्रशेखर मीना)
अधिशासी अभियन्ता
चँवली परियोजना नहर खण्ड
झालावाड़ (राज0)

(वेबसाईट पर अपलोड़ करने बाबत्) .

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, चंवली परियोजना नहर खण्ड झालावाड

क्रमांकः–/निविदा 2026–27/लेखा प्रथम/2641-56 दिनांकः–29/7/26

**ई–निविदा सूचना संख्याः 01 वर्ष 2026–27**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मुख्यालय का नाम | कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता चॅवली परियोजना नहर खण्ड, झालावाड़। |
| 2 | निविदा के कार्यो का विवरण | कुल कार्यो की सं0 03 निविदा के कार्य की अधिकतम लागत 63.90 लाख व न्यूनतम लागत 4.92 लाख |
| 3 | निविदा की कुल अनुमानित लागत | Rs. 123.67 Lac |
| 4 | बिड सिक्योरिटी राशि | निमयानुसार प्रत्येक कार्य की 2 व 1/2 प्रतिशत (As per NIT) |
| 5 | निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस | Tender Cost & RISL, Processing fee shall be deposited through e-Grass Challan only.<br>As per NIT |
| 7 | आनलाईन निविदा डाऊनलोड/अपलोड करने की तारीख | दिनांक 31.07.2026 को प्रातः 09:30 से 12.08.2026 तक सायं 6.00 बजे तक। |
| 8 | ऑनलाईन वित्तीय बिड खोलने की तारीख | 13.08.2026 को सांय 4.00 बजे। |
| 9 | दूरभाष नम्बर एवं ई–मेल | 07432-232731 eechaulicanaljwr@gmail.com |

(चन्द्रशेखर मीना)
अधिशासी अभियन्ता
चॅवली परियोजना नहर खण्ड
झालावाड़ (राज0)

प्रकाशनार्थ

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, चंवली परियोजना नहर खण्ड झालावाड

क्रमांकः–/निविदा 2026–27/लेखा प्रथम/2641-56 दिनांकः–29/7/26

**ई–निविदा सूचना संख्याः 01 वर्ष 2026–27**

इस कार्यालय में राजस्थान के राज्यपाल की ओर से बांध एवं नहर के मरम्मत कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।निविदा से संबधित समस्त विवरण दिनांक 31.07.2026 (प्रातः 9.30) से 12.08.2026 (सायं 6.00) तक वैब साईट www.dipronlne.rajasthan.gov.in, www.waterresources.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in &www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध रहेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | WRD2627WSOB00436 |
| 2 | WRD2627WSOB00437 |
| 3 | WRD2627WSOB00438 |

(चन्द्रशेखर मीना)
अधिशांसी अभियन्ता
चॅवली परियोज़ना नहर खण्ड
झालावाड़ ,(राज0)